

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक144 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी रविवार 11 फरवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

सिवनी के वुशु खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा में लेंगे हिस्सा

ज मू में 13 फरवरी से आयोजित होगी आल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशु चैं पियनशिप

सिवनी यशोः- श्री महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी के खिलाड़ीयो ने स्थानीय शासकीय महाविद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित वुशु चयन स्पर्धा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है । जिसमे खिलाड़ी चांदनी पाल ने 70 कि.ग्रा. (स्वर्ण पदक), पृतीक कौशिक ने 90कि.ग्रा. (स्वर्ण पदक), आयुष नायक ने65 कि.ग्रा. (स्वर्ण पदक) स्वाती मर्सकोले ने 48 कि.ग्रा. (स्वर्ण पदक), पदक जीत कर राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना स्थान बनाया । पीजी कॉलेज के खेल अधिकारी के.सी. राउर एवं महाविद्यालय प्रवंधन के में मार्गदर्शन से यह खिलाड़ियो ने प्रतियोगिता में भाग लिया। राष्ट्रीय स्पर्धा (आल इंडिया यूनिवर्सिटी वुशु चें पियनशिप 2023- 2024) में अपना स्थान बनाया जो कि यूनिवर्सिटी ऑफ ज मू में आयोजित है चयनित हुए यह खिलाड़ी ज मू में आयोजित रास्ट्रीय वुशु स्पर्धा (आल इंडिया यूनिवर्सिटी चें पियनशिप 2023- 2024) जो कि 13 से 17 फरवरी तक ज मू आयोजित है में राजा शंकरशाह यूनिवर्सिटी का नेतृत्व करेंगे ।

ज्ञातव्य है कि इन खिलाड़ियो ने शालेय वुशु स्पर्धाओं ,खेलो इंडिया एव अन्य स्पर्धाओं में अनेको पदक प्राप्त किये है एवं सिवनी जिले का गौरव बढ़ाया है । श्री महावीर व्ययमशाला के खिलाड़ी बॉ्सं संग, वुशु, एवं अन्य मार्शल आर्ट में प्रति वर्ष राज्य एवं रास्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षक सोहन लाल सेन सचिव जिला वुशु संघ सिवनी के प्रशिक्षण से सैकड़ो पदक जीत रहे है एवं शासकीय खेल छात्रवर्ति प्राप्त कर रहा है और सिवनी जिले पूरे देश मे रोशन कर रहे है। इस स्पर्धा में कोच के रूप में गगन उसरेठे , मैनेजर मोनिका मेडम के साथ स्पर्धा में भाग लेंगे। रास्ट्रीय स्पर्धा (आल इंडिया यूनिवर्सिटी चें पियनशिप 2023-2024) में चयनित होने एवं पदक प्राप्त करने की कामना शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं क्रीडा अधिकारी के. सी.बापू राउर, श्री महावीर व्यायमशाला के अध्यक्ष प्रसन्न मालू , शंकर लाल सोनी ,छिद्दी लाल श्रीवास ,हीरा लाल सोनी , चंचल दास आहूजा , गुलाव पवार , रमायण सनोडिया ,प्रदीप वर्मा, भावना गायकवाड़, देवेंद्र ठाकुर , मनीष मिश्रा, आशीष दीक्षित,संचालक धीरज पाल , अंकित मिश्रा, सौरभ सोनी, अभिषेक सोनी,संदीप नेमा, शीतल नामदेव , आकाश सोनी,राकेश मालवीय, विनायक शर्मा, मनीष तुमड़े , राजू यादव , आशु साहू ,जया अग्रवाल,प्रिया बघेल, निशा बघेल, एवं समस्त जिला वुशु संघ के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।

आधुनिक संसाधनों से जोड़कर

पुस्तकालय के सेमीनार में 200 से अधिक प्रतिभागी शामिल पुस्तक का हुआ विमोचन

सिवनी यशोः- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के राजा राममोहन राय लायब्रेरी फाउंडेशन कोलकाता द्वारा प्रायोजित पुस्तकालय विज्ञान के नवीन प्रवृत्ति और तकनीक विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बरघाट के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के तत्वाधान में प्रारंभ हुआ। संगोष्ठी में मु यातिथि छिंदवाडा विश्व विद्यालय की कुलपति लीला भलावी के कहा कि आधुनिक संसाधनों से पुस्तकालय को जोड़कर छात्रों के अध्ययन के प्रति रूचि उत्पन्न करना चाहिए, ताकि ज्ञान का प्रचार हो सकें। संगोष्ठी में विषय प्रवर्तक काशी विश्व बनारस के विवेक नंद जैन ने कहा कि वर्तमान में पुस्तकालयों के विकास में आधुनिक तकनीक अपनी महत्ती भूमिका निभा रही है, जिससे पाठको को कम समय में सूचना प्राप्त हो रही है, डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के विषय विशेषज्ञ संजय सराफ ने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान में भंडार है हमें आधुनिक तकनीकों से उनका संरक्षण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढी भी उसका लाभ ले सकें। छिंदवाडा विवि के शोध समन्वयक प्रो राजेन्द्र मिश्रा ने कहा बरघाट कालेज में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में शोध केन्द्र खुलने से यहां के अंचल के विद्यार्थियों को फायदा होगा।

इस अवसर पर अग्रणी महाविद्यालय सिवनी के डॉ. रविशंकर नाग बरघाट प्राचार्य डॉ. सीबी झारिया, केवलारी प्राचार्य डॉ. डेहरिया लखनवीन प्राचार्य श्री तरवरे सिवनी कन्या अशोक जैन, सबीता मसीह जनभागीदारी समिति अध्यक्ष देवेन्द्र राहंगडाले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आयोजक प्रदीप त्रिवेदी ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। आयोजन में लगभग 200 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित हुये इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री इनवाती की पुस्तक आदिवासी साहित्य और मातृभाषा प्रकाशक कपिल ऊमरे की उपस्थिति में कुलपति डॉ. लीला भलावी ने किया। आयोजन में राकेश खरे, भोपाल डॉ.सुधीर गुप्ता, मनोज भंवरे श्रीमति सुनीता साहू, शवनम खान, जितेन्द्र अहिरवार, एमसी सनोडिया मुरारी मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित हुए दूसरे सत्र में भी प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

11 फरवरी को दोपहर 12 बजे तीसरे सत्र में सांसद ढालसिंह बिसेन एवं विधायक कमल मर्सकोले उपस्थित होंगे।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया कीटनाशक मच्छरदानी का वितरण

सिवनी यशोः- शनिवार 10 फरवरी को सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे मच्छरदानी वितरण का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। शनिवार को दोपहर 01:00 बजे जिला मु यालय स्थित इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के ट्रेनिंग सेंटर मे मलेरिया विभाग द्वारा आयोजित कीटनाशक मच्छरदानी (एलएलआईएन) वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य प्रारंभ हुआ इस अवसर श्री राय ने हितग्राहियों को कीटनाशक मच्छदानी प्रदान की और कहा कि मानव स्वास्थ्य के प्रति हमारी सरकार प्रतिबद्ध है । शुभारंभ अवसर पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा श्री राय सहित उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरांत विधायक श्री राय के करकमलों से हितग्राहियों को कीटनाशक मच्छरदानी का वितरण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, तरुण मुनिया टांक संयोजक अटल विचार मंच, सतीश दुबे विधायक प्रतिनिधि, संजय दुबे अध्यक्ष मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, डा. तेजपाल सिंह ठाकुर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डा. व्ही.के. नावकर, डा. पी. सूर्या जी डीजीएमओ, डा. मनीषा सिरसाम, रामजी भलावी डीएमओ सहित कर्मचारी एवं हितग्राहियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

81 परीक्षा केन्द्रों हायर सेकेण्डरी के छात्रो ं ने दिया अंग्रेजी प्रश्न पत्र

सिवनी यशोः- जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी मु य परीक्षा वर्ष 2024-24 अंतर्गत गुरूवार 8 फरवरी 24 को हायर सेकेण्डरी विषय अंग्रेजी की परीक्षा जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। परीक्षा में कुल दर्ज 12270 परीक्षार्थियों में से 12107 उपस्थित एवं 163 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया। उक्त परीक्षा का जिलास्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

बीएमओ गोपालगंज ने अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

सिवनी यशोः- बीएमओ गोपालगंज डॉ राजेन्द्र कुमार द्वारा पीएचसी बंडोल एवं पीएचसी बखारी की समस्त आशा कार्यकर्ता/ आशा सहायोगी /सीएचओ /एएनएम/ एमपीडब्लू /पर्यवेक्षों बैठक लेकर टीकाकरण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, सिकलसेल एनीमिया, मलेरिया कार्यक्रम सहित अन्य विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की से टरवाइस विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मु य रूप से हाई रिस्क गर्भवति माताओं की पहचान, उपचार एवं रेफरल पर विस्तार से चर्चा कर सभी मैदानी कार्यचारियों को हाईरिस्क गर्भवति माताओं का समय-समय पर फालोअप सुनिश्चित करने के तथा सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में खून की कमी वाली माताओं को आयरन सूत्रोज लगाये जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

समीक्षा में उपस्वास्थ्य केन्द्र कलास्वांकी, दिघोरी, ओरियामाल एवं मोठार में सीएचओ द्वारा बार-बार निर्देश दिये जाने के उपरांत भी आयरन सूत्रोज नही लगाये जाने पर संबंधित सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर तत्काल प्रदान किए जाने हेतु निर्देश दिए गये। शत प्रतिशत ग माताओं की सिकल सेल जांच कराये जाने के निर्देश दिए गये। बैठक में अतिरिक्त बीपीएम आर गढवाल, बीईई श्री सुदेश दुबे, चिकित्सा अधिकारी बंडोल डा संदीप सनोडिया एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

न्यायालय के स्थगन के बाद भी कब्जा कर किया जा रहा था निर्माण कार्य

बरघाट यशोः- न्यायालय के चलाते हुये बरघाट थाना क्षेत्र में रहने वाले मानसिंह पिता दत्तू गढ़वाल के द्वारा मकान में तोड़ फोड़ की जा रही थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरघाट के पटवारी हल्का न बर 50 रा.नि.म. व तहसील बरघाट में खसरा नं 311 रकबा 0.02 हे टेयर भूमि अधिपत्य की भूमि को लेकर बसीउर्रहमान पिता रहमान खान न्यायालय जबलपुर में निवासी वार्ड क्रमांक 3 बरघाट के अपील क/1444/2015 में दिनांक 10/03/2021 पारित आदेशानुसार यथास्थिति बनाये रखने आदेश पारित किया और आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बताया जाता है कि उच्च न्यायालय के यथास्थिति आदेश के बावजूद मानसिंह पिता दत्तू जाति गढ़वाल निवासी सब्जी मंडी बाजार बरघाट द्वारा मनमर्जी चलाते हुए आदेश का उल्लंघन करते हुए उक्त मकान में जबरन अवैध कब्जा



कर अतिक्रमण किया और दबंगई दिखाते हुए उक्त भूमि में बने मकान को तोड़ते हुए खुर्द-बुर्द करने का प्रयास किया जाने लगा तब आवेदक वशीउर्रहमान ने न्यायालय तहसीलदार के यहां अपील करते हुए ध्यान आकर्षित कराया कि माननीय उच्च के न्यायालय ने उक्त भूमि में यथा स्थिति के आदेश दिए हैं। बावजूद इसके मानसिंह के द्वारा कब्जा कर तोड़फोड़ किया जा रहा है। बताया जाता है की इस मामले में हल्का का पटवारी को जांच के लिए भेजा में जिन्होंने अपने जांच प्रतिवेदन में बताया कि ग्राम बरघाट के अभिलेख में रहमान पिता जब्बार खॉ जाति मुसलमान के नाम भूमि स्वामी पर खसरा नं. 311 रकबा 0.02 हे. दर्ज है। स्थल ने जाच में पाया गया, कि खसरा नं. 311 एवं 295/1 में संयुक्त रुप से मकान बना है। मकान की ल बाई 48 फीट है, जिसकी लंबाई पीछे से 17 फीट पर छत का नाम 2 कमरे में खुला पाया गया। शेष यथावत है। बताया जाता है की इस प्रकरण में सुनवाई करते हुए बरघाट तहसीलदार ने प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजों एवं हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के आधार माननीय उच्च न्यायालय के द्वितीय अपील कमांक/1444/2015 में दिनांक 10/03/2021 पारित यथास्थिति आदेशानुसार उभयपक्ष को यथास्थिति बनाये रखने आदेश पारित किया और आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनसमस्या शिविर में कले टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

सिवनी यशोः- विभागीय योजनाओं की मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन तथा आमजनों को पात्र योजनाओं के त्वरित लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रामवार निरीक्षण कर जनसमस्याओं को सुना जा रहा है तथा मौके में उपस्थिति मैदानी अमले को आवश्यक दिशा निर्देश देकर पात्र हितग्राहियों को त्वरित रूप से लाभांवित करने के कार्य किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में कले टर श्री क्षितिज सिंघल गुरूवार 08 फरवरी को धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया भसूड़ा सहित अन्य ग्रामों में जनसमस्या शिविर लगाकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों की बिजली, पानी, पेयजल आपूर्ति, पेंशन, राशन वितरण तथा नामांतरण, अविवादित बटवारा जैसी राजस्व संबंधी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओ के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम का पात्र हितग्राही पात्रतानुसार योजना के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। विभागीय अधिकारी अपने स्तर पर सर्वे कर हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी धंसौर सहित सहित विभागों के अन्य मैदानी अमले की उपस्थिति रही।

अपने ही घर में युवक ने की आत्महत्या

सिवनी यशोः- पुलिस थाना उगली के वार्ड क्रमांक 1 में निवास रत 37 वर्षीय राकेश परते ने गत दिवस अपने ही घर के बेडरूम में अज्ञात कारणों के चलते अपनी इहलीला समाप्त कर ली, इस संदर्भ में पुलिस थाना प्रभारी एस गोदेवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक ने किन कारणों से ऐसा कदम उठाया, इसके गहन पहलुओं की सूक्ष्मता से जांच कर रहे है,

जबरन नॉलेज

नहरों के सीमेंटीकरण कार्य के भूमिपूजन के लिये पूर्व विधायक पाल ने मु यमंत्री को दिया न्यौता

किसानों को हेड से टेल तक सिंचाई के लिये मिलेगा पानी, शीघ्र प्रारंभ होगा कार्य, 205 करोड़ रूपये के टेंडर हुये जारी

केवलारी यशोः- भीमगढ़ बांध संजय सरोवर की जीर्ण शीर्ण नेहरों के दुरुस्तीकरण व सीमेंटीकरण का मार्ग अब पूरी तरह प्रशस्त हो गया है इस हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 205 करोड रुपए का टेंडर जारी हो गया है। यह केवलारी विधानसभा क्षेत्र के उन कृषकों के लिए बड़ी राहत की बात है जो लंबे समय से सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की बांट जोह रहे थे एवं लंबे समय से इन नहरों के सीमेंटीकरण के साथ ही हेड से लेकर टेल तक पानी की उपलब्धता की मांग कर रहे थे। उनकी यह लंबी प्रतीक्षा और महत्वपूर्ण मांग केवलारी के निवृतमान विधायक राकेश पाल सिंह के अथक व निरंतर प्रयासों से पूर्ण हो गई है एवं, इसके आधुनिकीकरण तथा नवीनीकरण के कार्य का भूमि पूजन भी होने जा रहा है। इस हेतु पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा गतदिवस प्रदेश के मु यमंत्री डां. मोहन यादव से भेंट कर उनसे इस भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है

इसके साथ ही राकेश पाल द्वारा प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जिन्होंने केंद्रीय जल संसाधन मंत्री रहते हुए इस कार्य को आगे बढ़ाने एवं स्वीकृत करने में अपना पूर्ण योगदान दिया था उन्हें भी इस भूमि पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

उल्लेखनीय है कि लगभग 40 वर्ष पूर्व भीमगढ़ बांध के निर्माण के पश्चात से केवलारी विधानसभा क्षेत्र के कृषकों के खेतों मे सिंचाई की प्रयास जल व्यवस्था होने से उनके जीवन में खुशहाली का अवसर आया था किंतु बीतते समय के साथ इस बांध की नहरे जीर्ण शीर्ण होने लगी, पानी का रिसाव होने लगा अंततः यह पानी नहर के अंतिम छोर तक पहुंचना भी कठिन हो गया जिसके चलते क्षेत्र की क्षेत्रीय कृषकों में चिंता व्याप्त हो गई और वह लंबे समय से इन नहरों के दुरूस्तीकरण की मांग करने लगे लेकिन केवलारी के तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने कृषकों की इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया। अंततः केवलारी विधानसभा में भाजपा के विधायक के रूप में राकेश पाल सिंह के निर्वाचित होने के पश्चात उनके द्वारा इसके लिए गंभीर और सतत प्रयास प्रारंभ किए गए। विभिन्न शासकीय, प्रशासकीय, निरीक्षण, सर्वेक्षण, स्वीकृती एवं अनुमति जैसी लंबी प्रक्रियाओं को पूरा करने और परिणाम तक पहुंचने में पूर्व विधायक श्री राकेश पाल सिंह के प्रयास रंग लाए और अब शीघ्र ही इन नहरों के सीमेंटीकरण के साथ ही आधुनिकीकरण का कार्य भी शुरू होने जा रहा है।

इसी संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह द्वारा बताया गया कि, प्रदेश सरकार द्वारा संजय सरोवर की नेहरों के लिए लगभग 205 करोड रुपए का टेंडर जारी हो चुका है जिसमें बांई तट नहरें, दांयी तट नहरें, मु य एवं माइनर नहरें जो लगभग 602 किलोमीटर है उनके सीमेंटीकरण दुरुस्तिकरण एवं आधुनिकीकरण का कार्य होगा। इन नेहरों के जीर्ण शीर्ण होने के कारण नेहरों से लगभग 40त्न पानी का रिसाव हो जाता था जिससे भी सिंचाई हेतु प्रयाप्त जल किसानों को उपलब्ध नहीं हो पता था। अतंतः नेहरों के नवीनीकरण से क्षेत्र के कृषकों को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा।

पूर्व विधायक श्री पाल के इन सफल प्रयासों से क्षेत्र के कृषकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इस कार्य के लिए क्षेत्रीय लोगों ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार के साथ ही पूर्व विधायक राकेश पाल का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है।

मैत्री मैच टूर्नामेंट में तीन मैच खेले गये

सिवनी यशोः- टूनमेंट के प्रभारी अध्यक्ष टिंकू ठाकरे से प्राप्त जानकरी के अनुसार पॉलिटेंनिक मैदान में खेली जा रही मैत्री प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन मैच खेले गए पहला मैच गोपालगंज और JCB के मध्य खेला गया जिसमे JCB ने पहले बेटिंग करते हुए 56 रन का टारगेट दिया जिसे 5 विकेट शेष रहते गोपालगंज ने आसनी से जीत लिया पहले मैच के मैन आफ दी मैच सुनील रहें, दूसरा मैच ग्रीन सिटी और सिटी बॉयज के मध्य खेला गया जिसमे सिटी बॉयज ने ग्रीन सिटी को 92 रन का टारगेट दिया पर ग्रीन सिटी 10 ओवर में 62 रन ही बना सकी और 28 रन से ग्रीन सिटी जीत गई इसलिए मैच के मैन आफ दी मैच आमिर रहें आज का तीसरा मैच सिटी बॉयज और पत्रकार 11 के मध्य खेला गया जिसमे पत्रकार 11 ने पहले बेटिंग करते हुए 63 रन का टारगेट दिया जिसे सिटी बॉयज ने आसनी से हासिल कर 9 विकेट से मैच जीता आज के तीसरे मैच के मैन आफ दी मैच सिटी बॉयज टीम के दिलीप चौहान रहें जिन्होंने ताबड़तोड़ अर्ध शतकीय पारी खेली और आज के मैचों के निर्णायक रहें अनिल यादव, राकेश बरमैया, योगेश मंडाले,मिथलेश और सकोरिंग की जि मेदारी निशांत तिवन और विजय चौहान, टिंकू ठाकरे ने निभाई भूपेंद्र ठाकुर,विनीत जायसवाल ने अपनी शानदार कमेंट्री से सबका दिल जीत लिया आज के मैच के मु य अतिथि और प्रत्यक्षदर्शी रहें बाबा ऑनलाइन, रवि श्रीवास्तव, ओम सराठे, भूपेंद्र ठाकुर और सद्भाव परिवार के सभी सदस्य और अन्य खेल प्रेमी दर्शक रहें कल रविवार के दिन प्रतियोगिता के अंतर्गत 4 मैच खेले जायेंगे

नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी

मंडला यशोः-लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा विभिन्न अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन करते हुए नोडल तथा सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

इस संबंध में जारी आदेश के तहत मतदान केन्द्रों में एएमएफ व ईएमएफ की सुविधा के लिए मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए परियोजना प्रशासन एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना विजय तेकाम, परियोजना अधिकारी मनरेगा रितु तिवारी, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सीमा पटले, सभी सीईओ जनपद, मु य नगरपालिका/परिषद अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित मतदान केन्द्र के संस्था प्रमुख रहेंगे। निर्वाचक नामावली के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सहा. अधी. भू.अभि. हीरालाल तिवारी, सहा.शि.सीनियर बेसिक शाला ब हनी जीपी साहू एवं सहा.ग्रेड-3 प्रशांत निखारे रहेंगे। प्रशासकीय मतदान की तैयारी के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए सहा.ग्रेड-2 निर्वा.शाखा अरूण कुशवाहा, निर्वा.लि.निर्वा. सीके तिवारी, सहा.ग्रेड-3 स्था.निर्वा.शाखा उमाशंकर मिश्रा एवं सहा.ग्रे-3 कार्या.कले. राजेन्द्र तिवारी, सहा.ग्रेड-3 विक्रम वाडिवा, डाटा ऐन्ट्री ऑपरेटर अमित मिश्रा को आदेशित किया गया है। मतदान केन्द्र, रूटचार्ट एवं ने शे, से टर विभाजन एवं से टर अधिकारी की नियुक्ति के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू.अभिलेख रामसिंह उलाडी, प्रभारी सहा.अधीक्षक भू अभिलेख इंद्रजीत सिंह, मानचित्रकार भू-अभिलेख गंगाराम मरकाम, सहायक ग्रेड-3 भू-अभिलेख इंद्रेश मांडवे रहेंगे।

ईव्हीएम संबंधी व्यवस्था के लिए संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे एवं कार्यपालन यंत्री ग्रा.यां.से. गीता आर्मो को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके सहयोग के लिए जि.सू. एवं वि.अधि. मधु मिश्रा, जि.सं.वित्त अधिकारी आरके बागड़े, उपयंत्री ग्रा.यां.से. संजना मरकाम, सहा.ग्रेड-3 उमाशंकर मिश्रा, सहा.ग्रेड-3 कार्या. नजूल शाखा दुर्गेश उइके, माध्य.शि. विजय पाण्डेय, ऑपरेटर निर्वाचन शाखा दीपमणि कछवाहा तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर ज.पं. मोहगांव अरूण कुमार बर्वे रहेंगे। मतदान सामग्री व्यवस्था के लिए संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, उनके सहयोग के लिए निर्वा.पर्य. अरूण कुशवाहा, निर्वा.लि.निर्वा.शाखा सीके तिवारी, सहा.ग्रेड-3 प्रशांत निखारे एवं सहा.शि. सीनियर बेसिक शाला ब हनी जीपी साहू रहेंगे। मतदान सामग्री वितरण, प्राप्ति व्यवस्था एवं काउंटर्स की तैयारी के लिए संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए कार्य.यंत्री लो.नि.वि. जीपी पटले, अति.तह. कैलाश प्रसाद कोल, मु य न.पा.अधि. गजानन नाफड़े, लेखापाल-1 जि.पं. रमेश विश्वकर्मा, सहा. ग्रेड-3 नि.का. प्रशांत निखारे एवं सहा.शि. सी.बे.शा.ब हनी जीपी साहू, प्रा.शि. विनय श्रीवास्तव तथा सहा.ग्रेड-3 राजेश खरे को आदेशित किया गया है। स्वीप के लिए मु य कार्यपालन अधिकारी जि.पं. श्रेयांश कूमट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सहा.संचा. म. एवं बा.वि. रोहित बड़कुल, प्राचार्य हाईस्कूल हीरेन्द्र वर्मा, प्राचार्य हाईस्कूल बिझिया मुकेश पांडे, डीपीएम एनआरएलएम बीडी भैसारे, उपसंचा. मधु अली, एपीओ जि.पं. सुखीराम झारिया, क प्यूटर ऑपरेटर एनआरएलएम संदीप पटेल, सभी मु.का.अधि. जनपद पंचायत मंडला, सभी मु.न.अधि. मंडला रहेंगे। कानून व्यवस्था के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह एवं अति.पु.अधीक्षक अमित वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए समस्त अनु.अ.व दंडा. जिला मंडला, डिस्ट्रि ट कमां. होमगार्ड मंडला नरेश साहू, जिला आब.अधि. गिरिजा धुर्वे, सहा.ग्रेड-3 का.कले. रवि रजक, सहा.ग्रेड-3 प्रवा.अपर कले. प्रमोद परतेती तथा सहा.ग्रेड-3 अमिताभ मिश्रा रहेंगे। क प्यूटर, साईबर एवं आईटी प्रबंधन के लिए जि.सू.वि.अधि. मधु मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.प्रबं. लोकसेवा मंडला कविता गुप्ता, प्रोग्रामर डाईट वेदप्रकाश गुप्ता, वरि.प्रशि. ई-दक्षता शैलेष यादव, सहा.मैन.ई-गवर्नेंस जगमोहन सिंह मरावी एवं सभी सहा.प्रबं. ई-गवर्नेंस रहेंगे।

शिकायतों पर कार्यवाही के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सहाकारिता निरीक्षक कार्या.सहा.आयु. नितेन्द्र तेकाम एवं वि.खं.शि.अ. कल्पना नामदेव, जिला म.एवं बा.वि.अधि. शालिनी तिवारी तथा सहा.ग्रेड-2 शि.शाखा भोला सिंघिया रहेंगे। मडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी एवं प्रचार-प्रसार के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह तथा बीआरसी एवं सहायक संचालक जनसंपर्क अनादि वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए डिप्टी कले. एवं अनु.अ.रा.मंडला सोनल सिडाम, सहा.यं. ज.पं. मोहगांव राहुल मण्डराहा, साईबर सेल बैच सुरेश भटेरे एवं सूर्यचंद्र बघेल, लेखापाल जि.पं. संदीप मोदी एवं लेखा.जि.पं. पंकज मिश्रा को आदेशित किया गया है। आदर्श आचरण संहिता का पालन एवं अनुवर्ती कार्यवाही के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सभी अनुविभागी अधिकारी मंडला, सभी मु.का.अ.ज.पं.मंडला, सभी मु.न.अधि.मंडला, सभी तहसीलदार मंडला, सभी नायब तहसीलदार जिला मंडला, सहा.ग्रेड-3 कार्या.कले. रवि रजक एवं सहा.ग्रेड-3 प्रवा.अपर.कले. प्रमोद परतेती रहेंगे। नाम-निर्देशन के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सहा.ग्रेड-3 राजेन्द्र तिवारी, लेखापाल-1 जि.पं. रमेश विश्वकर्मा, सहा.ग्रेड-2 जि.पं. शैलेन्द्र झा., सहा.ग्रेड-3 लोकेश कुमरे एवं प्रेमलाल हरदहा, जू.डा.एं.भू.अभि. रोहित पांडे एवं युवराज सोमकुवर रहेंगे। मतदान/मतगणना दल गठन के लिए मु य कार्य.अधि.जि.पं. श्रेयांश कूमट एवं परि.प्र.ए.आदिवासी विकास परियोजना विजय तेकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.सू. एवं वि.अधि. मधु मिश्रा, सहा.परि.अधि. जनजातीय कार्यविभाग रंजीत गुप्ता, प्रोग्रामर डाईट वेदप्रकाश गुप्ता, वरि.प्रशि.ई-दक्षता शैलेष यादव, प्राचार्य हाईस्कूल बिझिया मुकेश पांडे, उ.श्रेशि.बीईओ राकेश जोशी, सहा.शि.बीईओ घनश्याम चौरसिया रहेंगे। प्रशिक्षण व्यवस्था के लिए मु.कार्य.अधि. श्रेयांश कूमट एवं परि.प्र.एकीकृत आदि.वि.परि. विजय तेकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.सू.एवं वि.अधि. मधु मिश्रा, मु.नग.अधि. गजानन नाफड़े, उ.श्रे.शि.ज.कार्य.वि. दिनेश दुबे, प्राचर्य हाई.बिझिया मुकेश पांडे, प्राचार्य हाईस्कूल ग्वारा हिरेन्द्र वर्मा, पीटीआई अरविंद सिंह, सहा.ग्रेड-2 राकेश साहू रहेंगे। व्यय लेखा के लिए डिप्टी कले टर एलएस जगेत एवं जि.कोषा.अधि. अखिलेश नेटी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए वाणिज्य कर अधि. सरिता भगत, वरि.लेखाधि. तफीम अहमद खान, सहा.लेखा.अधि. प्रवीण श्रीवास एवं नोडल अधिकारी द्वारा नियुक्त अन्य स्टॉफ रहेंगे। प्रेक्षक व्यवस्था के लिए महाप्रबंधक ऊषा चौधरी एवं खनि.अधि. राहुल शाडिल्य को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए प्रभारी जिला आब.अधि. गिरिजा धुर्वे रहेंगे। एसएमएस मॉनिटरिंग एवं क यूनिकेशन प्लान एवं संचार व्यवस्था के लिए डिप्टी कले. क्षमा सराफ एवं उप संचा. कि.क. तथा कृषि वि. मधु अली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.सू. एवं वि.अधि. मधु मिश्रा, निरीक्षक पि. वर्ग तथा अल्पसं यक कल्याण विभाग प्रीति गठरे, सहा.वरि.अधि. रंजीत गुप्ता, प्राचार्य हाई बिझिंया मुकेश पांडे रहेंगे। मतपत्र मुद्रण/स्ट्रॉंग रूम व्यवस्था के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सहा.कोषा.अधि. नोखेलाल मर्सकोले, सहा.ग्रेड-3 हरीश पटेल एवं सहा.ग्रेड-3 सचिन कुशमरिया रहेंगे। पोस्टल बेलट पेपर एवं निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र के लिए मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं सं.कले. एवं अनुवि.अधि. नैनपुर जेपी यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए तहसीलदार बिछिया दिनेश बरकड़े, तहसीलदार मण्डला अजेन्द्रनाथ प्रजापति,नायब तहसीलदार ब हनी हिमांशु भलावी, प्रभारी सहा.अधी. भू-अभिलेख इंद्रजीत सिंह, राज.निी. प्रज्ञा स्वामी एवं सहा.ग्रेड-3 दुर्गेश उईके रहेंगे। स्ट्रॉंग रूम/मतगणना/मतगणना स्थल/मतगणना दल की व्यवस्था के लिए संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए कार्य.यं. जीपी पटले, शारदा सिंह, कार्यपालन यंत्री ग्रा.यां.सेवा. गीता आर्मो, प्राचार्य शा.पॉ.कॉ., मु.न.अधि. गजानन नाफड़े, लेखापाल-1 जि.पं. रमेश विश्वकर्मा तथा सहा.ग्रेड-3 प्रशांत निखारे रहेंगे। परिचय पत्र के लिए संयुक्त कले टर सीएल वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए लेखापाल कमल चौरसिया, सहा.ग्रेड 3 दीपक साहू, सहा.ग्रेड 3 जगदीश नागवंशी एवं सहा.ग्रे 3 राजेश पांडे रहेंगे। यातायात प्रबंधन के लिए अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह एवं जि.परि.अधि. रमा दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए अनुवि.अधि.पु.मंडला, यातायात प्रभारी, लेखापाल राजन पटेल, तहसील कार्या. जगत चौरसिया एवं सहा.ग्रेड 3 अमित मरावी रहेंगे। पीओएल एवं भोजन व्यवस्था के लिए प्रभारी जि.आपू.अधि. मनोज पुरविया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.आ.अधि. एवं खाद्य एवं औषधि प्रशा.वि. का स्टॉफ रहेंगे। वेलफेयर मैनेजमेंट के लिए मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं सहायक परियोजना एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना विजय तेकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जनजातीय कार्यविभाग एवं नगर.परि. मंडला का अधीनस्थ स्टॉफ, जिला शिक्षा विभाग का अधीनस्थ स्टाफ,सभी नगरपालिका एवं नगरीय निकाय एवं सभीमु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहेंगे। वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, सीसीटीव्ही वीडियोग्राफी व्यवस्था के लिए डिप्टी कले. एवं अनु.वि.अधि.रा. मण्डला सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए प्रबंधक लोक सेवा कविता गुप्ता, सहा.मैनेजर जगमोहन सिंह मरावी, सहा.ग्रेड-3 ओझा सिंह वरकड़े तथा सहा.ग्रेड-3 प्रदीप बरमैया रहेगा। विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री शरद बिसेन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए अधीनस्थ स्टॉफ रहेगा। चिकित्सा व्यवस्था के लिए मु.चि.अधि. डॉ.कीर्तिचंद सरोते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए अधीनस्थ स्टॉफ रहेगा। मतदान केन्द्र/सामग्री वितरण, वापसी/मतगणना स्थल पर पेयजल एवं साफ-सफाई व्यवस्था के लिए मु.न.पा.अधि. गजानन नाफड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए सभी मु.कार्य.अधि.जन.पं.एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायत सचिव एवं मु.नग.अधि. सभी जिला मंडला एवं अधीनस्थ स्टॉफ तथा वि.शि.अधि. सभी मंडला रहेंगे। मद्य निषेध के लिए प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी गिरिजा धुर्वे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए अधीनस्थ स्टॉफ रहेगा। सारणीकरण के लिए अपर कले टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए जि.सू.एवं वि.अधि. मधु मिश्रा, प्रोग्रामर जि.शि.के. अनिल सामदेकर, प्रोग्रामर डाईट वेदप्रकाश गुप्ता, वरि.प्रशिक्षक ई-दक्षता केन्द्र शैलेष यादव, सहा.ग्रेड-2 जिला पंचायत शैलेन्द्र झा एवं जू.डाटा एं. ऑपरेटर भू-अभि. रोहित पांडे रहेंगे। सीलिंग के लिए अनु.अधि.रा. घुघरी ऋषभ जैन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए प्र.तह.नजूल मंडला हिमांशु भलावी, ना.तह.मंडला कैलाश प्रसाद कोल, राजस्व निरीक्षक नजूल मंडला मिथलेश झरिया, राजस्व निरी. मोहगांव वीरेन्द्र हरदाहा एवं रा.नि.तह.घुघरी ब्रजेश धुर्वे रहेंगे। मानदेय के लिए डिप्टी कले. क्षमा सराफ एवं लेखाधिकारी जि.पंचा. दिलीप सिंह मरकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनके सहयोग के लिए लेखापाल जि.पंचा. मंडला रमेश कछवाहा एवं लेखापाल जि.पंचा. मंडला प्रवीण बाजपेयी रहेंगे।

देश में विपक्ष को कमजोर किया जा रहा है, कांग्रेस ही करेगी तानाशाही का मुकाबला-कमलनाथ

भोपाल। भाजपा में जाने की अटकलों के बीच पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ ने सत्ताधारी दल पर हमले बोले हैं। उन्होंने नाम लिए बिना भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस की विचारधारा ही तानाशाही का मुकाबला कर सकती है।

कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कांग्रेस की विचारधारा सत्य, धर्म और न्याय की विचारधारा है। देश के सभी धर्म, जाति, क्षेत्र, भाषा और विचार के लिए कांग्रेस की विचारधारा में समान स्थान और स मान है। कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष के इतिहास में ज्यादातर समय संघर्ष और सेवा में गुजरा है। आजादी की लड़ाई के आंदोलन में तानाशाही से संघर्ष में कांग्रेस के नेताओं में देश सेवा की होड़ लगी रही। आजादी के पश्चात राष्ट्र निर्माण ही कांग्रेस का एकमात्र ध्येय है। उन्होंने कहा कि आज जब देश में विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश हो रही है और लोकतंत्र पर हमले हो रहे हैं तब भी कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा ही तानाशाही का मुकाबला करेगी और देश को दुनिया का सबसे सुंदर और मजबूत लोकतंत्र बनाएगी। हम गांधी जी, नेहरू जी और अंबेडकर जी के रास्ते पर चलकर स्वर्णिम भारत बनाएंगे। कमलनाथ का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अटकलें लग रही हैं कि वह और छिंदवाड़ा से सांसद उनके बेटे नकुलनाथ भाजपा में जा सकते हैं। हालांकि, दोनों ही नेताओं ने कई बार इसे कोरी अफवाह बताया है। विधानसभा में भी उन्होंने मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य भाजपा नेताओं से मुलाकात की थी,

मुरैना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय कार्यकर्ता स मेलन का शुभारंभ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

गुरूवार को मुरैना में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता स मेलन का उद्घाटन हुआ. ये कार्यकर्ता स मेलन तीन दिन तक चलेगा. आज दोपहर तीन बजे मध्य भारत प्रांत के माननीय संघ चालक श्री अशोक पांडे जी ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करके व भगवान राम की प्रतिमा पर पुष्पार्चन करके किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम संघ की शताब्दी की ओर जा रहे हैं समाज में अनुकूलता है हमें देश की सर्वांगीण उन्नति के लिए सतत प्रयास करना है. कुटुंब प्रबोधन परिवार प्रबोधन के लिए काम करने की आवश्यकता है , पर्यावरण के सुधार के लिए काम करने की आवश्यकता है , गौ सेवा के लिए काम करने की आवश्यकता है. हम कर भी रहे हैं पर और परिमाण बढ़ाने की आवश्यकता है इस मौके पर प्रांत संघ चालक जी ने कार्यकर्ताओं का प्रबोधन करते हुए कहा कि हम संस्कार अनुसार यश की आकांक्षा ना करें. संसाधनों का सीमित उपयोग करें. उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए हमें समर्थ व समय देना होगा. इस तरह के कार्यकर्ता स मेलन हमारे लिए विचार कुंभ है. जिससे विचारों की प्रतिष्ठा और कार्यकर्ता की निष्ठा की पुष्टि होती है।

इस कार्यकर्ता स मेलन में मध्यभारत प्रांत के आठ विभागों के 31 जिलों के चयनित कार्यकर्ता आए हुए हैं। जो यहां विशेष तौर पर तैयार किए गए परिसर में तीन दिन तक रहेंगे। इस कार्यकर्ता स मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री मोहन जी भागवत का मार्गदर्शन भी सभी कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा।

अयोध्याधाम के नाम से बसाये गए इस परिसर में आठ नगर बनाये गए है। जिनमें कार्यकर्ताओं के आवास की व्यवस्था की गई है।

पुस्तक विमोचन भी हुआ राष्ट्र निर्माण मैं युवाओ की भूमिका जो मान. सहसरकार्यवाह श्रीमान.रामदत्त जी द्वारा दिये गए बौद्धिक पर आधारित है। यह महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्यकर्ता विकास वर्ग के प्रकतउत्सव मैं दिये गए बौद्धिक पर हैं.पुस्तक का विमोचन उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में हुआ।

इससे पूर्व आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता स मेलन के प्रथम दिन प्रदर्शनी का उद्घाटन मध्य भारत प्रान्त के संघ चालक श्री अशोक जी पांडेय एवं प्रान्त कार्यवाह श्री यशवंत जी के द्वारा किया गया।

इस प्रदर्शनी में च बल संभाग के पुरातत्व एवं सांस्कृतिक महत्व के 1000 से 1200 साल पुराने मंदिरों के चित्रों को प्रदर्शित किया गया जो मुरैना के सांस्कृतिक वैभव को दर्शाते हैं। साथ ही इस प्रदर्शनी में गोबर से बनायी गई कलाकृतियां, भगवानों की मूर्तियां एवं क्रांतिकारियों के चित्र भी प्रदर्शित किए गए। इस दौरान च बल संभाग के प्रमुख स्थानों को मानचित्र केमाध्यम से प्रदर्शित किया गया।

इस प्रदर्शनी में च बल संभाग के सकारात्मक पक्ष को आगे लाने के लिए एक डॉ यूमेंट्री चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। फिल्मो ने जिस प्रकार से च बल क्षेत्र को डकैत से जोड़कर जो नकारात्मक छवि बनाई गई है उस छवि को इस डॉ यूमेंट्री के माध्यम से तथ्यहीन बताया गया है। इस डॉ यूमेंट्री के द्वारा च बल क्षेत्र के विभिन्न सकारात्मक पक्ष को प्रदर्शित किया गया है।

अभियोजन स्वीकृति से संबंधित मंत्रि परिषद समिति का पुनर्गठन

मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव होंगे अध्यक्ष

भोपाल। राज्य शासन द्वारा लोकायुक्त संगठन, आर्थिक उपराध प्रकोष्ठ एवं अन्य एजेंसियों में पंजीबद्ध प्रकरणों में अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति देने संबंधी प्रकरणों में विधि एवं विधायी कार्य विभाग एवं प्रशासकीय विभाग के अभिमत में भिन्नता होने पर ऐसे प्रकरणों में विचार करने के लिये मंत्रि-परिषद समिति का पुनर्गठन किया गया है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसके अध्यक्ष होंगे। उप मु यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मु यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री श्रीमती स पतिया उईके सदस्य होंगे।

प्रदेश में चलाया जाएगा "जल-हठ"अभियान - मंत्री सिलावट

पुराने तालाबों और जल स्त्रोतों का किया जाएगा संरक्षण और संवर्धन

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल से भेंट कर दिया प्रस्ताव

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रत्येक ग्राम में ॰हर घर जल॰ पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन शुरू किया गया। इस मिशन की पूर्ण सफलता के लिए प्रदेश में मु यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में ॰जल-हठ॰ अभियान जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि इसमें सरकार और समाज की भागीदारी से हर गांव, हर नगर में पुराने तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों का उत्थन, विकास, सौंदरीकरण, गहरीकरण कराया जाएगा तथा जल स्त्रोतों के आस पास किए गए अतिक्रमण को हटाकर वृक्षारोपण किया जाएगा।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने इस संबंध में विभागीय प्रस्ताव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल को उनके निवास पहुंचकर प्रदान किया तथा अनुरोध किया कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में ॰जल-हठ॰ अभियान को जन आंदोलन के रूप में चलाया जाए। मंत्री श्री पटेल ने आश्वस्त किया के प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जल संवर्धन को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के अतिक्रमणों को प्राथमिकता से हटाया जाएगा। प्रदेश के तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों में अतिक्रमण से उनका कैचमेंट एरिया समाप्त होता जा रहा है, जिससे जल स्त्रोतों में प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है तथा सिंचाई एवं पीने का पानी कम हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के छोटे-छोटे नदी नालों में पहले वर्ष भर जल संग्रहित रहता था, ये नदी नाले अब समाप्तप्राय हो गए है। ॰जल-हठ॰ अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों, तालाबों के पुनर्जीवन कार्य के लिए उन्हें चिन्हित कर विभागीय योजना बनाई जाएगी और समाज के विभिन्न वर्गों एवं स्वेच्छिक संगठनों के सहयोग से इसे जन आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। अभियान में सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक/ सांस्कृतिक संगठनों, खेल संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, संत महंतों तथा बुद्धिजीवी वर्ग का भी पूरा सहयोग लिया जाएगा।

मध्य प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। प्रदेश की चंद्रेल एवं गोंडकालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही। हमने प्रदेश में सिंचाई संसाधनों की बढ़ोतरी में आशातीत सफलता पाई है। वहीं तालाबों के पुनर्जीवन और जीर्णोद्धार के लिए कई व्यापक कार्य किए गए हैं। सरकार की प्राथमिकता प्राकृतिक जल स्त्रोतों एवं तालाब को बचाने की है और उसके लिए हम योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं।

खरगोन में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय होगा शुरू

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया प्रस्ताव का अनुमोदन

शैक्षणिक सत्र 2024-25 से ही विश्वविद्यालय का परिचालन होगा

भोपाल। खरगोन में नवीन क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय शुरू होगा। राज्य शासन ने आदेश जारी कर विश्वविद्यालय की स्थापना एवं सत्र 2024-25 से ही इसके परिचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

मंत्रि-परिषद की 13 फरवरी को होने वाली बैठक में अनुमोदन प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा। अनुमोदन के बाद चालू विधानसभा सत्र में इसे पारित कर अधिनियम के रूप में अधिसूचित करते हुए विश्वविद्यालय की स्थापना विधिक रूप से म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के अंतर्गत की जाएगी।

प्राध्यापक डॉ. चौहान को कुलसचिव का प्रभार

शासन ने शासकीय स्नातकोत्तमर महाविद्यालय खरगोन के अर्थशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. जी.एस. चौहान को वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ विश्वविद्यालय खरगोन के कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौपने संबंधी आदेश भी जारी कर दिये है।

विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में 5 जिलें होंगे

क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन के क्षेत्राधिकार में 5 जिले रहेंगे। इसमें खरगोन, बड़वानी, खण्डवा, बुरहानपुर तथा अलीराजपुर जिले के 83 महाविद्यालय स बद्ध होंगे। इससे 25 हजार 500 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। उपरोक्त जिलों के उक्त महाविद्यालय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की संबद्धता से मुक्त होंगे। विश्वविद्यालय की स्थापना शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन का उन्नयन कर की जा रही है। सत्र 2024-25 से इस विश्वविद्यालय का परिचालन उक्त महाविद्यालय के भवन एवं परिसर का उपयोग कर प्रारंभ कर दिया जाएगा।

भवन निर्माण में लगभग 200 करोड़ रूपये का होगा व्यय

विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में लगभग 200 करोड़ रूपये का व्यय भार आएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदण्ड अनुसार इन विश्वविद्यालयों के लिए शैक्षणिक पद सृजित किए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अपेक्षानुसार विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के नवीनतम क्षेत्रों के लिए पाठ्यक्रम प्रारंभ हो, शिक्षण में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए। यह दृष्टिगत करते हुए कि यह विश्वविद्यालय जनजातीय क्षेत्र में है, विद्यार्थियों के कौशल उन्नयन के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

शास.प्राथ.शाला पुलिस लाइन में एफएलएन मेला का आयोजन स पन्न

सिवनी यशोः- विगत दिवस शास.प्राथ.शाला पुलिस लाइन सिवनी में एफ.एल.एन. मेला का आयोजन हुआ । म.प्र.शासन द्वारा प्रदेश के समस्त शासकीय प्राथमिक शालाओं में कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु एफएलएन मेला के द्वितीय चरण को आयोजित करने के निर्देश थे।

मेला में एस.डी.एम.सिवनी द्वारा एफएलएन गतिविधियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से विभिन्न प्रश्न पूछे गये जिसका जबाव विद्यार्थियों द्वारा सहजता से दिया गया। मु य अतिथि द्वारा अभिभावकों को घर मे भी बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने हेतु सलाह दी गई ताकि वे शिक्षा एवं खेल में पारंगत हो सकें।

मेला में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियां में भाग लिया जिसमें उपस्थित अधिकारीगण एवं अभिभावकों ने भी सहभागिता दी। मेला में उपस्थित अधिकारी गण द्वारा शाला के मध्यान्ह भोजन कक्ष के साथ शाला में आया मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण कर उपस्थित माताओं से भोजन की गुणवत्ता पर चर्चा की गई तथा शाला मे पोर्टफोलियो प्रोजे ट वर्क] विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन कर विद्यार्थियों से चर्चा कर प्रसन्नता व्यक्त की गई। एसडीएम सिवनी द्वारा शाला के विद्यार्थियों को उपहार भी वितरित किये गये।

मेला में मु य अतिथि एस.डी.एम. सिवनी मेधा शर्मा] संयुक्त कले टर प्रियंका वर्मा] डिप्टी कले टर पूर्वी तिवारी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन एवं सफल संचालन अरूण राय बीआरसी सिवनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसी मनोज नाग] गजेन्द्र बघेल] उपयंत्री सोनम बघेल] जन शिक्षक ब्रजमोहन बघेल] पंकज तिवारी] सचिन जैन एवं पुलिस लाइन स्कूल से प्र.प्रधान पाठिका अल्पा शर्मा] सीमा ठाकुर एवं पालकगण उपस्थित थे।

नर्मदा संरक्षण और गौ रक्षा के लिए सरकार के खिलाफ विरोध रैली निकालेंगे संत विजय नंदन

सिवनी यशोः- मां नर्मदा को दूषित होने से बचाने और गौ माता की रक्षा के लिए संत विजय नंदन मध्य प्रदेश सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन रैली निकालने जा रहे हैं। इस रैली की शुरुआत 12 फरवरी से मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक से होगी, जो प्रदेश के दर्जनभर जिलों में जाएगी। इनमें डिंडौरी, मंडला, जबलपुर, नरसिहपुर, सिवनी, नर्मदापुरम, रायसेन, सीहोर, हरदा, देवास, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, अलीराजपुर जिले शामिल हैं।

इसलिए निकाल रहे हैं विरोध रैली

सिवनी जिला निवासी संत विजय नंदन ने बताया कि, उन्होंने बीते दिस बर माह में मु यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की थी कि नर्मदा संरक्षण और गौ रक्षा के लिए कड़ेकानून बनने चाहिए। उनकी मांग है कि, नर्मदा नदी में दूषित पानी रोका जाए, नर्मदा में मिलने वाले गंदे नाले बंद किए जाएं। नर्मदा नदी को दूषित करने वालों को कड़ा दंड दिया जाए। इसी तरह गौ माता की रक्षा के लिए कानून बने। गौ माता को आवारा ना छोड़ा जाए, ऐसा करने वाले पशुपालकों पर जुर्माना लगाया जाए।

फोटो निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन

1079252 मतदाताओं का नाम नामावली में शामिल

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में गुरूवार 08 फरवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कले टर श्री सी एल चन्नप, संयुक्त कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना जाट सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की जानकारी देते हुए फोटो रहित अंतिम मतदाता सूची एवं डीक्वीडी उपलब्ध कराई गई। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से छूटे हुए पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन कर नाम जुड़वाने हेतु सहयोग करने की बात कही।

फोटो निर्वाचक नामावली अंतिम संक्षिप्त पुनरीक्षण 8 फरवरी 2024 की स्थिति में जिले में कुल 1079252 मतदाताओं का नाम नामावली में शामिल है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में 121767 पुरुष, 123265 महिला एवं 02 अन्य इस प्रकार कुल 245034 मतदाता हैं एवं 310 मतदान केन्द्र हैं। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-115 सिवनी में 138374 पुरुष, 137106 महिला एवं 7 अन्य इस प्रकार कुल 275487 मतदाता एवं 336 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116 केवलारी में 131961 पुरुष, 129514 महिला एवं 03 अन्य इस प्रकार कुल 261478 मतदाता एवं 353 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117 लखनादौन में 150987 पुरुष, 146263 महिला एवं 03 अन्य है इस प्रकार कुल 297253 मतदाता एवं 407 मतदान केन्द्र हैं। इस प्रकार जिले में कुल 1079252 मतदाता एवं 1406 मतदान केन्द्र हैं। अंतिम प्रकाशन सूची में जिले में 18 से 19 वर्ष आयु के के कुल 36668 युवा मतदाता शामिल है। इसी तरह 80 वर्ष से अधिक आयु के कुल 10884 वरिष्ठ मतदाता शामिल हैं एवं जिले में पीडब्ल्यूडी वोटरों की सं या 9335 है।

जिले में आयु वर्ग अनुसार मतदाताओं की सं या-

अंतिम प्रकाशन सूची अनुसार 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की सं या 36668, 20 से 29 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की सं या 262333, 30 से 39 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं की सं या 273349 तथा 40 से 49 आयु वर्ग के कु 206159, 50 से 59 आयु वर्ग के 162166, 60 से 69 वर्ष आयु वर्ग के 91303, 70 से 79 आयु वर्ग के 36652, 80 से 89 वर्ष आयु वर्ग के 9402, 90 से 99 वर्ष आयु वर्ग के 1162, 100 से 109 वर्ग के 55, 110-119 आयु वर्ग के 2 तथा 120 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का कुल एक मतदाता शामिल है।

अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में सहभागिता की अंतिम तिथि 5 मार्च

सिवनी यशोः- अधीक्षक डाकघर सिवनी द्वारा बताया गया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 09 से 15 वर्ष आयु तक के छात्र-छात्राओं के लिए ÷अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-2024÷ का आयोजन किया जाना है। जिसमें प्रतियोगिता का विषय- 150 साल पुराने वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) ने आठ पीढ़ियों से अधिक समय तक दुनिया भर के लोगों की सेवा की है । तब से दुनिया काफी बदल गई है। आने वाली पीढ़ियों को उस दुनिया के बारे में एक पत्र लिखें जिसके बारे में आप आशा करते हैं कि वे उन्हें विरासत में मिलेंगी। उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.03.2024 है । प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राएँ अंग्रेजी अथवा हिन्दी भाषा में पत्र लेखन कर सकते हैं । अंतर्राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता -2024 ,संभागीय स्तर पर दिनांक 10.03.2024 (रविवार) को सुबह 10.00 बजे से 11.00 बजे तक आयोजित की जावेगी द्व परिमंडल स्तर पर प्रथम तीन विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः रु. 25,000/- रु. 10,000/- एवं रु. 5,000/- तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा । राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः रु. 50,000/- रु. 25,000/- एवं रु. 10,000/- तथा एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा । अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन विजेता प्रविष्टियों को चयनित करेगा तथा सर्वोत्तम 03 प्रविष्टियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा । साथ ही वैश्विक डाक संघ द्वारा चयनित प्रतिभागियों को अन्य पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएँगे । स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को वैश्विक डाक संघ के मु यालय बर्न, स्विट्ज़रलैंड की यात्रा करने का प्रस्ताव या एक वैकल्पिक पुरस्कार यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन के विवेकाधिकार पर निश्चित किया जावेगा । सभी छात्र ङ्कछात्राओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए अपना आवेदन अंतिम दिनांक से पूर्व प्रेषित करें। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट http://www.indiapost.gov.in पर उपलब्ध है ।

विधायक दिनेश राय मुनमुन के करकमलों से किया गया कीटनाशक मच्छरदानी का वितरण

सिवनी यशोः- आज दिन शनिवार, दिनांक 10/02/2024 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मु य आतिथ्य मे मच्छरदानी वितरण का शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज दोपहर 01ः00 बजे जिला मु यालय स्थित इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के ट्रेनिंग सेंटर मे मलेरिया विभाग द्वारा आयोजित कीटनाशक मच्छरदानी (एलएलआईएन) वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मु य आतिथ्य मे संपन्न हुआ। जहां पर विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा श्री राय सहित उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरांत विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से हितग्राहियों को कीटनाशक मच्छरदानी का वितरण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री अजय पांडे जी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कालेज, तरुण मुनिया टांक जी संयोजक अटल विचार मंच, सतीश दुबे जी विधायक प्रतिनिधि, संजय दुबे जी अध्यक्ष मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मनोज नामदेव जी, डा. तेजपाल सिंह ठाकुर जी मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डा. व्ही.के. नावकर जी, डा. पी. सूर्या जी डीजीएमओ, डा. मनीषा सिरसाम जी, रामजी भलावी जी डीएमओ सहित कर्मचारी एवं हितग्राहियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

14 को नगर में "संकीर्तन मेरे श्याम का " का आयोजन

छपारा यशोः- नगर के खाटू श्याम बाबा भक्तो के द्वारा आगामी 14 फरवरी को एक भजन संध्या का आयोजन किया गया है। समिति से मिली जानकारी अनुसार नगर के बस स्टैंड के नजदीक स्थित मोहरी देवी भवन परिसर में बुधवार को देर शाम 7 बजे से बाबा खाटू श्याम जी के ÷संकीर्तन मेरे श्याम का÷ संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में नागपुर के भजन गायक कलाकार निहारिका पुरोहित एव श्याम शुभम भजन के द्वारा संकीर्तन में भक्तिमय भेंटों की प्रस्तुती दी जाएगी।

उचित मूल्य दुकानों से सुविधाजनक रूप से पात्र हितग्राहियों को मिले खाद्यान्न- कले टर

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल खाद्य विभाग के अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए उचित मूल्य दुकानों से पात्र हितग्राहियों से सुविधाजनक रूप से खाद्यान्न वितरण की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल द्वारा जिले में संचालित उचित मूल्य दुकानों द्वारा विगत माह में वितरित किए गए खाद्यान्न की स्थिति की समीक्षा करते हुए ऐसी सभी दुकाने, जिनमें 75 प्रतिशत कम वितरण पाया गया तथा पाँच दिवस से कम दुकाने खुली गई, सभी के लायसेंस निलंबन का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामवार उचित मूल्य दुकाने नियमित रूप से खोली जाएं, पीओएस मशीन सहित सभी आवश्यक संसाधन बेहतर रूप से कार्य करें। विभागीय कारणों से किसी भी हितग्राही को खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा न हो।

कले टर श्री सिंघल ने स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों का प्रबंधन ठीक न पाए जाने पर जिला प्रबंधक आजीविका मिशन को सुधार कार्यवाही के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में ई-केवायसी, मोबाइल सीडिंग की प्रगति की समीक्षा कर शतप्रतिशत हितग्राहियों के आधार एवं मोबाइल सीडिंग एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मध्यान्ह भोजन एवं आईसीडीएस का खाद्यान्न समय सीमा में संबंधित संस्थान को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सहकारिता एवं खाद्य निरीक्षकों को अपने क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

प्राथमिक शालाओं मेंआयोजित हुआ एफएलएन मेला

सिवनी यशोः- राज्य शिक्षाकेन्द्र, भोपाल के पत्र क्र 103 दिनांक 04/01/2024 के परिपालन में जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक शाला में 09 फरवरी 2024 को कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत बच्चो हेतु एफएलएन मेला का द्वितीय चरणआयोजित किया गया। मेले में जनप्रतिनिधि एवं अध्ययनरत बच्चों के माता, पालक, जिला एव विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

श्री क्षितिज सिंघल कले टर, सह जिला मिशन संचालक, द्वारा विकास खण्ड सिवनी के शास.प्राथ. शाला भाटीवाडा में, श्री पवार नव जीवन विजय, मु य कार्यपालनअधिकारी सहजिला परियोजना संचालक द्वारा शास. एकीकृत शाला भोगाखेडा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक सहित जिले एवं विकास खण्ड स्तरीय समस्तअधिकारियों द्वारा एफएलएन मेला में अपनी सहभागिता दी गई। कले टर महोदय द्वारा उपस्थित पालकों एवं माताओ को संबोधित करते हुए कहा गया कि''जिस प्रकार शिक्षक विद्यालय मे बच्चों की शिक्षा में ध्यान देते है वैसे ही आपको भी घर पर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, ताकि बच्चो का सर्वांगीण विकास हो सके'' एफएलएन मेला का मु य उद्देश्य पालको को बच्चों के साथ बुनियादी साक्षरता व सं या ज्ञान पर हो रहे कायो और निपुण भारत अंतर्गत बच्चो के शारकिय एवं बौद्धिक विकास, भाषा की समझ, गणित की समझ एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराना है।एफएलएन मेला में समस्त शास. विद्यालयों में कक्षा 1 एवं 2 में अध्ययनरत बच्चों के माताओं, पालको एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया जाकर बच्चों की प्रगति को जाँचा गया।

प्रशिक्षणार्थियों ने "नव विधान" के संदर्भ में समझी विवेचना कैसे करें? की प्रक्रिया

सिवनी यशोः- जिला पुलिस सिवनी प्रशिक्षण शाखा पुलिस मु यालय भोपाल के निर्देशानुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन मे पदोन्नत प्रधान आरक्षक हेतु नियंत्रण कक्ष सिवनी में संचालित 1 माह के इंडे शन कोर्स...में दिनांक 05/02/2024 को "नव कानून" भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रवर्तन की दिशा व रणनीति के मद्देनजर ÷पुलिस अनुसंधान÷ विषय अन्तर्गत पुलिस प्रणाली में आपराधिक कानून का महत्व -मामलों की सूचना अन्वेषण की प्रक्रिया, प्रथम सूचना लेख करने के बाद की जाने वाली कार्यवाही,अपराध की सूचना प्राप्त होने के बाद विवेचक के कर्तव्य,घटना स्थल की सुरक्षा एवं घटना स्थल का अवलोकन,घटना स्थल का निरीक्षण एवं निरीक्षण पद्धतियां,घटना स्थल की सुरक्षा,अन्वेषण की कार्यवाही तथा केस डायरी,पुलिस द्वारा साक्ष्य का परीक्षण,गिर तारी तथा गिर तारी के प्रावधान,तलाशी तथा तलाशी के प्रावधान, अपराधों की पतासाजी अन्वेषण समाप्त होने पर पुलिस की रिपोर्ट व साइबर संबंधी अन्वेषण तकनीक और नए वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग आदि विषय वस्तु पर विस्तार से जानकारी सांझा की गई...साथ ही भविष्य की चुनौतियों और अवसरों को दृष्टिगत रखते हुए "नव भारतङ्गनव विधान"के लिए कैसे अपने आप को तैयार करें..व्यवसायिक कार्यकुशलता और दक्षता हेतु उक्त प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और महत्व को समझाने का प्रयास किया गया...उक्त वक्तव्य निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे प्रभारी साइबर सेल द्वारा दिया गया प्रशिक्षण में 50 प्रशिक्षणार्थी प्रधान आरक्षक उप. रहें।

जनसुनवाई में प्राप्त हुए 91 आवेदन शीघ्र निराकरण करने कले टर के आदेश

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कले ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में अपर कले टर श्री सी.एल. चन्नप एवं संयुक्त कले टर प्रियंका वर्मा सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में ग्राम ग्राम घंसौर निवासी शशिकला कुमरे द्वारा पेंशन न मिलने की शिकायत विषयक, ग्राम बिछुआ निवासी प्रभा झारिया द्वारा वही में नाम

सुधराने विषयक, सीवी रमन वार्ड सिवनी निवासी सुशीला सिंह द्वारा गरीबी रेखा कार्ड बनाए जाने, तिलक वार्ड निवासी रामकुमार डहेरिया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम पौनिया बरघाट निवासी रामकिशोर बागडे द्वारा तालाब का पट्टा प्रदाय किए जाने, ग्राम छुई निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने विषयक, ग्राम अखीवाड़ा निवासी चेतराम पारधी द्वारा वृध्दा पेंशन दिलाए जाने, ग्राम हथनापुर निवासी मनोज तिवारी द्वारा मक्का फसल की बीमा राशि दिलाए जाने विषयक, विवेकानंद वार्ड सिवनी निवासी विनोद यादव द्वारा सहारा इंडिया कंपनी में जमा राशि दिलाए जाने, ग्राम झुरकी ग्रामीणों द्वारा ग्राम में स्कूल भवन बनवाने विषयक, सिवनी निवासी भुवनलाल ठाकुर द्वारा जीपीएफ की राशि का भुगतान कराए जाने, ग्राम बेलपेठ निवासी नरेन्द्र कुमार द्वारा जमीन का पट्टा दिलाए जाने विषयक, ग्राम सुकरी निवासी राजेन्द्र कुमार एवं ग्रामीणों द्वारा ग्राम बिलंदा-बींझावाड़ा- सुकरी मार्ग बनवाए जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी श्रीमती मीना पंद्रे पति मृत्यु उपरांत संबल कार्ड का लाभ दिलाए जाने विषयक सहित कुल 91 आवेदन जनसुनवाई में प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कले टर श्री सिंघल ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

स्कूल शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर

सरकारी स्कूलों में संचालित किये जा रहे हैं विशेष कोर्स

भोपाल । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभाग द्वारा नवनियुक्त 15 हजार शिक्षकों को आधारभूत प्रशिक्षण दिलाया गया। इसके साथ ही अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय के 5 हजार शिक्षकों को विषयगत प्रशिक्षण दिलाया गया है। विभाग में कार्यरत अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक को राष्ट्रीय, शैक्षिक, प्रशासन एवं योजना विश्वविद्यालय नई दिल्ली (नीपा) के माध्यम से 5 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण दिलाया जा चुका है।

दक्षता सुधार- सरकारी स्कूलों में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी आते हैं उनकी दक्षता कक्षा के अनुरूप करने के लिये विशेष कोर्स संचालित किये जा रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों को हिन्दी, गणित और अंग्रेजी विषय में विशेष प्रशिक्षण दिलाये जाने की व्यवस्था की गई है। इस प्रशिक्षण से ड्रापआउट रेट कम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिये हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषय की विद्यार्थी कार्य पुस्तिका एवं शिक्षकों के लिये शिक्षक कार्यपुस्तिका उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को बोर्ड परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने के लिये विभिन्न विषयों के टिप्स एण्ड ट्रि स वीडियोज् दिखाये जाने की व्यवस्था भी की गई है।

रेमेडियल टीचिंग- सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के शैक्षणिक स्तर के सुधार के लिये त्रैमासिक परीक्षा के ग्रेडिंग के आधार पर कमजोर छात्रों को चिन्हित किये जाने की व्यवस्था है। स्कूलों में असेसमेंट सेल द्वारा रेमेडियल माडयूल तैयार किया गया है। विद्यालय में रेमेडियल कक्षाएँ संचालित करने के लिये राज्य स्तर से दिशा-निर्देश भी प्रसारित किये गये हैं। कक्षा 9वीं और 11वीं के छात्रों में लर्निंग गेप पता करने के लिये स्टेट असेसमेंट सेल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के लगभग एक हजार से अधिक हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में एक लाख से अधिक छात्रों का निदानात्क आकलन भी आयोजित किया गया।

विमर्श पोर्टल- स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों के शिक्षकों और विद्यार्थियों के अकादमिक दृष्टि से और सुधार के लिये एक प्लेटफार्म विमर्श पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल के जरिये ऑनलाईन पठन-पाठन के विभिन्न विषयों के वीडियो उपलब्ध कराये गये हैं। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा में मेरिट वाले विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएँ, विगत वर्ष के प्रश्न पत्र एवं मॉडल उत्तर पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये हैं। इसी पोर्टल पर क युनिटी शिक्षक अपने द्वारा किये गये नवाचार को साझा कर सकते हैं और अध्यापन में आने वाली समस्याओं को चिन्हित कर विशेषज्ञ शिक्षकों से समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

मनुवाद से ग्रसित लोग हमेशा आरक्षण के विरोधी रहे हैं-भाकपा

सिवनी यशोः- हमारे देश में हमेशा से ही मनुवाद से ग्रसित लोग आरक्षण के विरोधी रहे हैं ऐसे लोग पुरानी चली आ रही रूढ़िवादी व्यवस्था को अच्छा कहते हैं तथा हर प्रगतिशील व्यवस्था का विरोध करते हैं इन ताकतों ने जाति प्रथा सती प्रथा देवदासी प्रथा चतुर वर्णी प्रथा जमींदारी प्रथा का हमेशा ही समर्थन किया है अपने आप को सांस्कृतिक संगठन कहने वाला संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में हर पुरानी प्रथा का समर्थन किया है जिस देश के अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़े वर्ग तथा कमजोर स्थिति वाली जनता का शोषण हुआ है इन ताकतों ने हमेशा ही प्रगति सील कदमों का जबरदस्त विरोध किया है और संविधान के निर्माण के समय हमेशा ही संविधान के रचयिता डॉ बी आर अंबेडकर का विरोध किया है इन प्रतिक्रियावादी लोगों ने कदम कदम पर डॉ अंबेडकर का विरोध किया है इसी क्रम में इन लोगों ने आरक्षण का विरोध किया है इतना ही नहीं गोलमेज स मेलन लंदन में गांधी जी ने भी अनुसूचित जाति और जनजातीय के प्रतिनिधित्व का विरोध किया था यदि संवैधानिक संरक्षण इन कमजोर वर्गो को नहीं मिला होता तो आज इन प्रतिक्रिया वादियो जातिवादियों को जवाब देने के लिए कोई नहीं मिला होता।

इसीलिए भारतीय क युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित डॉ बी सी यूके राजेंद्र जायसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए ओम प्रकाश बोर्ड अशोक साहू धनीराम बंडेरार किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश संजू डेहरिया अंगद सिंह बघेल आदि ने मांग की है कि जब तक इन कमजोर जातियों का नौकरियों में आरक्षण पूरा नहीं हो जाता तब तक आरक्षण को यथावत बना रहना चाहिए तभी कमजोर जातियों का धन धरती नौकरी में भागीदारी हो पावेगी अन्यथा वे कमजोर ही रहेंगे या फिर देश के लिए समाजवादी व्यवस्था लागू कर दी जावे।

मंडला में मेडीकल कॉलेज के साथ आयुर्वेदिक कॉलेज व ए सीलेंस कॉलेज शीघ्र बनेगा - मु यमंत्री डॉ. यादव

मु यमंत्री डॉ. यादव ने एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में सिंगल ि लक से 1576.61 करोड़ रूपए का किया अंतरण

56 लाख से अधिक हितग्राहियों को 341 करोड़ की पेंशन और आर्थिक सहायता अंतरित

134 करोड़ के विकास कार्यो का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

मण्डला यशोः- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे देश में प्राचीनकाल से नारियों का स मान होता रहा है, माँ एवं बहन-बेटियों की इज्जत हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। संपूर्ण विश्व में भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जहां देश को माता का दर्जा दिया गया है। हमारे देश की संस्कृति में सदैव महिलाओं का नाम आगे रहता है। इसकी झलक हमें ईश्वरीय संबोधन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। यह उनके प्रति स मान का प्रतीक है। नर्मदा तट पर स्थित मंडला जिले को माँ नर्मदा का आर्शीवाद मिलता है। नर्मदा नदी समूचे प्रदेश की ही नहीं बल्कि गुजरात राज्य की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान रखती है। उक्त उद्बोधन मु यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत एक करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में 1576.61 करोड़ रुपए सिंगल ि लक से अंतरित करने के अवसर पर मंडला जिले के रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मैदान में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिए।

इस अवसर पर मु यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश के 56 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रूपए के हितलाभ वितरण के साथ-साथ मंडला जिले के 134 करोड़ रूपए लागत के 27 विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किए गए। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, विधायक श्री नारायण पट्टा, श्री चैनसिंह वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, शिवराज शाह, श्री रामप्यारे कुलस्ते, भीष्म द्विवेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं कमिश्नर श्री अभय वर्मा, आयुक्त सामाजिक न्याय श्री आरआर भोसले एवं आयुक्त महिला एवं बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूकी वली, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारी व बड़ी सं या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया कार्यक्रम में जुड़े थे।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मंडला की इस धरती पर आकर आज मन प्रफुल्लित है। गोंडवाना की इस धरा पर गोंड शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती व अवंती बाई ने मुगल शासन व अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेकर मंडला जिले का मान समूचे विश्व में बढ़ाया है। उनके इसी शौर्य, वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए केबिनेट की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई थी। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगनाओं के शौर्य की गाथाएं अब नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूल एवं महाविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल की जा रही है। गोंड शासिका वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा के मंडला जिले में लोकार्पण के साथ-साथ जबलपुर में 100 करोड़ की लागत से वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को रूपांकित करने के लिए स्मारक बनाया जा रहा है जिसका भूमिपूजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बहोरीबंद महाविद्यालय का नाम भी रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया है।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शनिवार 10 फरवरी का यह दिन लाड़ली बहनों का दिन है। कार्यक्रम के माध्यम से संपूर्ण प्रदेश 1.29 करोड़ लाड़ली बहनाओं को 9वी किश्त के रूप में 1576 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। बहनें मिलने वाली इस राशि का उपयोग अपने घर की जरूरतों को पूरा करने में कर रही है। बहनों से अच्छा पैसों का प्रबंधन अन्य कोई नहीं कर सकता है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने वन संपदा से संपन्न इस क्षेत्र में आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित करते हुए मंडला जिले में आयुर्वेदिक कॉलेज की घोषणा की। साथ ही कहा कि मेडीकल कॉलेज के साथ-साथ आयुर्वेद कॉलेज और ए सीलेंस कॉलेज भी मंडला में शीघ्र खोला जाएगा। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों के बेहतर आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए पीएम जनन्म योजना प्रारंभ की गई है। अब जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोदो-कुटकी का उत्पादन करने वाले कृषकों को अब प्रति किलो 10 रूपए अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे त्यौहारों को मनाने का समय और तरीका यह सिद्ध करता है कि इनका प्रकृति से गहरा संबंध है। मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण होता है। उन्होंने बताया कि हमारे प्राचीन एवं परंपरागत खेलों के महत्व को स्थापित करने के लिए मकर संक्रांति के पर्व से एक सप्ताह तक संपूर्ण सप्ताह उत्सव के रूप में मनाया गया जिसमें पारंपरिक खेल जैसे- गिल्ली-डंडा, खो-खो, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समूचा राष्ट्र राममय हो गया। भगवान श्री राम ने अपने वनवास का समय आदिवासी बंधुओं के साथ व्यतीत किया। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का झाबुआ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि के अवसर पर आगमन हो रहा है।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने उद्बोधन देते हुए बताया कि डॉ. मोहन यादव पूर्व सरकार में जब उच्च शिक्षा मंत्री थे तब उनके मंडला प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा महाविद्यालय परिसर में स्थापित करने की मांग की थी, जिस पर डॉ. यादव ने कहा था कि शौर्य-वीरता और बलिदान की प्रतीक रानी दुर्गावती की प्रतिमा अवश्य स्थापित की जाएगी जिससे नई पीढ़ी को उनकी गौरव गाथाओं से प्रेरणा मिल सके। आज मंडला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परिसर में वीरांगना रानी की प्रतिमा का अनावरण कर अपने वादे को पूरा किया। पीएचई मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि उन्हें केबिनेट मंत्री बनाकर मंडला जिले का स मान किया है। मु यमंत्री ने लाड़ली बहनों और पेंशनरों को आर्थिक सहायता देकर तथा 134 करोड़ की विकास कार्यों का लोकार्पण कर मंडला का मान बढ़ाया है इसके लिए उन्होंने मु यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया।

कन्यापूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई कार्यक्रम की शुरूआत

इस अवसर पर मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में कन्या पूजन तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मु यमंत्री बनने के उपरांत पहली बार मंडला पहुंचे मु यमंत्री डॉ. यादव का लाड़ली बहनों, स्व सहायता समूह की महिलाओं तथा जनजातीय बंधुओं ने बैगानी पगड़ी, वीरन माला से स्वागत किया तथा स्मृति स्वरूप जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली जीआई प्राप्त गोंडी पेंटिंग भेंट की। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मलबरी कोकून की माला पहनाकर मु यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया तथा आजीविका मिशन अंतर्गत विभिन्न उत्पाद का गि ट हे पर भेंट किया।

मंच से हितलाभ का वितरण

कार्यक्रम में मु यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री श्रीमती उइके एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। श्रीमती भुजली बाई भारती को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, श्रीमती सुनिया बाई बैगा को पशु चिकित्सा एवं सेवाएं अंतर्गत के सीसी, कु. पिंकी भारती को आयुष्मान कार्ड, सुश्री ममता भारती को सिकलसेल जांच कार्ड, श्री अंकित भारती को आधार कार्ड, श्रीमती रजनी रमगढ़िया को खाद्यान्न पात्रता पर्ची, श्रीमती राजेश्वरी गौठरिया को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, श्रीमती सुरेखा को जाति प्रमाण पत्र, श्रीमती अंजली मिश्रा को एनआरएलएम अंतर्गत सीआईएफ, कु. शिवा पटेल को लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रमाण पत्र, श्रीमती रोशनी चौधरी को कल्याणी पेंशन एवं श्रीमती विमला रजक को इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजनांतर्गत प्रतीकात्मक रूप से हितलाभ वितरित किए।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने किया आरडी कॉलेज परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण

मंडला यशोः- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंडला प्रवास के दौरान रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परिसर में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पांजली अर्पित की। उल्लेखनीय है कि जब वे उच्च शिक्षा मंत्री थे तब 14 नवंबर 2022 को मंडला प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर पर रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की थी जिस पर डॉ. यादव ने कहा कि शौर्य, वीरता और बलिदान की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा अवश्य

स्थापित की जावेगी। आज वह घड़ी आ गई जब उन्होंने अपने वादे को पूरा करते हुए वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण किया और कहा कि वीरांगना रानी की शौर्य पराक्रम और बलिदान नई पीढ़ी को प्रेरणा देगी। इस अवसर पर स्थानीय जनजातीय कलाकारों ने तथा छत्तीसगढ़ से आए आदिवासी नृतक दल ने मनोहारी नृत्य कर मु यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। मु यमंत्री डॉ. यादव ने भी छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के प्रसिद्ध वाद्ययंत्र टोहे और बैगा जनजातियों के मंजीरा को बजाकर नृतक दल का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना और रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सहित प्राध्यापक व विद्यार्थियों के साथ बड़ी तादाद में जनसमूह उपस्थित थे।

वैश्य महास मेलन ने किया रक्तदान आयोजित

मण्डला यशोः- वैश्य महास मेलन जिला ईकाई मण्डला के द्वारा गुरूवार को रक्तदान शिबिर का आयोजन जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में किया गया। वैश्य महास मेलन के संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता नाना जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिबिर में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रामजी अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी सोनिया बाकुल्कर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने यहां पर मां लक्ष्मी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जालित कर रक्तदानकर्ताओं से चर्चा की और कहा कि वैश्य महास मेलन के संस्थापक नारायण प्रसाद गुप्ता नाना जी की पुण्य तिथि के अवसर पर हर वर्ष 8 फरवरी को वैश्य महास मेलन पूरे भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन करता है। इसी कड़ी में यह आयोजन मण्डला में किया गया है। यहां पर सुधीर कसार, सोमिल रावत, दीपक अग्रवाल, रंजीत कछवाहा, अखिलेश सोनी, निधि अग्रवाल, प्रतीक्ष अग्रवाल, श्रीमति नीता डोंगरसे, अंचल सिहारे सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया है। उक्त कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के दिशा-निर्देश पर एवं प्रदेश महामंत्री संदिश जैन के मार्गदर्शन पर आयोजित किया गया है। शिविर के दौरान में जिला प्रभारी अशोक गोयल, महिला ईकाई अध्यक्ष श्रीमति अनिता गोयल, जिला अध्यक्ष नितिन राय, मीडिया प्रभारी नीरज अग्रवाल, संरक्षक सुधीर कसार, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोमिल रावत, युवा ईकाई प्रभारी अमन अग्रवाल, नारायणगंज तहसील प्रभारी विनोद अग्रवाल, जगदीश राय, रंजीत कछवाहा, अखिलेश सोनी, ब्रजेश चौरसिया, सरोज अग्रवाल, अशोक सोनी, इन्द्रेश बब्ब्ल खरया, अरूण अग्रवाल सहित वैश्य महास मेलन के सदस्यों एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

मंडला यशोः- ग्राम गुजरसानी निवासी अघनूसिंह नरैती की 23 सित बर 2023 को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निवास द्वारा मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पत्नि श्यामवती बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

मानव अधिकार फाउंडेशन ने जेल परिसर में किया सुंदरकांड

मण्डला यशोः- राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन ने गुरूवार को जेल परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। जेल परिसर में महिला बंदियों के लिए सुंदरकांड का आयोजन किया गया। जिसमें जेल के सभी बंदी प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन होकर भजनों पर झूमते दिखे। वहीं इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें महिला बंदियों ने शामिल होकर भक्तिरस का आनंद लिया। राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन की पदाधिकारियों ने बताया कि जेल अधीक्षक से चर्चा उपरांत कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई और महिला बंदियों को सुंदरकांड का पाठ कैसे किया जाए इस पर चर्चा करते हुए गुरूवार को महिलाओं के साथ सुंदरकांड किया गया। इस दौरान लवसिंह कटिया जेल उप अधीक्षक, साधना राठौर जेल पहरी, रागिनी हरदहा, आशा खरबंद, गीता साहू, सीता परतेती, सरोज सोनी, रजनी गुप्ता, श्रद्धा बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रही।

मु यमंत्री डॉ. यादव का हुआ आत्मीय स्वागत

मण्डला यशोः- मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आमानाला मंडला स्थित हेलीपेड पहुंचने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम, श्री भीष्म द्विवेदी आदि जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त श्री अभय वर्मा, आईजी श्री संजय

कुमार सिंह, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

बाल आरोग्य संवर्द्धन शिविर का आयोजन कर बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

सिवनी यशोः- जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अभीजीत पचौरी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में ०मु यमंत्री बाल आरोग्य संवर्द्धन कार्यक्रम%% अन्तर्गत जिले में कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप महिला एवं बाल विकास के समस्त 76 से टर मु यालयों पर बाल आरोग्य संवर्द्धन शिविर का आयोजन से किया गया।

बाल आरोग्य संवर्द्धन शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षकों द्वारा समस्त बच्चों की उंचाई एवं वजन का माप लिया गया तथा स्वास्थ्य विभाग के एएनएम द्वारा समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान समस्त 76 से टर मु यालयों के शिविर में कुल 335 ्रू बच्चे एवं 1030 ्रू बच्चों का पंजीयन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की एएनएम द्वारा पंजीकृत ्रू / ्रू बच्चों की स्वास्थय जांच कर आईमैम प्रोटोकॉल अन्तर्गत पांच प्रकार की दवाईयों एंटीबायोटिक, मल्टीविटामिन आयरन सिरप, अल्बेंडजोल, फोलिक एसिड का वितरण किया गया एवं समक्ष में सेवन कराया गया तथा कुपोषित बच्चों को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र रेफर किया गया।

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ्रू/ ्रूबच्चों के पोषण हेतु न्यूट्रीशिनल किट का वितरण किया गया। साथ ही ्रू/ ्रू बच्चों के परिवारों को पोषण आहार से बनने वाली विभिन्न रेसीपी पर्यवेक्षकों के द्वारा दी गई। कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु बच्चों की उचित देखभाल, साफ-सफाई एवं उचित पोषण प्रबंधन के संबंध में परिवारों को समझाईस दी गई। उक्त शिविर में सभी जिला अधिकारी से टर अधिकारी के रूप में उपस्थित हुए।

सचिवों को जिला पंचायत सीईओ ने किया निलंबित

छपारा यशोः- जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डांगवानी के वर्तमान सचिव सतीश बरकडे और तत्कालीन पूर्व सचिव बलभद्र सिंह को आर्थिक अनिमित्ताओ और लापरवाही के चलते निलंबित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत नांदिया के सचिव डिमाकचंद डहेरिया को भी अपने लापरवाह पूर्ण रवैया के चलते जिला पंचायत सीईओ पवार नवजीवन ने निलंबित किया है। बताया जा रहा है कि जनपद क्षेत्र के इन तीनों सचिव द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में अनियमितताएं और लापरवाही के मामले में निलंबन की कार्यवाही का सामना करना पड़ा। वही पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा इन सचिव की कार्यप्रणाली से वैसे ही परेशान थे हितग्राही मूलक योजनाओ के लाभ के लिए भी इनके चक्कर ग्रामीणों को लगाना पड़ता था। वही इस कार्यवाही के बाद जनपद पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

मण्डला यशोः- लोकसभा चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ विनोद मिश्रा ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव चलो अभियान के तहत कार्य के साथ निरंतर बूथ की कमियों को दूर करने का प्रयास करना होगा साथ ही बूथ के 15 करणीय कार्य को गति देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जब स्थिति हमारे पक्ष में हैं तो हमें विश्लेषण करना चाहिए तथा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सूक्ष्म विश्लेषण कर कार्य को आगे बढ़ाना हमारी जि मेदारी है। लोकसभा चुनाव में 68 प्रतिशत वोट बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य की आवश्यकता है। वर्तमान समय में

मोदी की गारंटी को लोग भरोसा मानते हैं, इसलिए सरकार की योजनाओं को लेकर सतत संवाद व संपर्क मतदान केंद्र में होते रहें। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि भाजपा के सभी मण्डल कार्य की एजेंसी हैं, इसलिए कार्यो का वर्गीकरण कर मण्डल अध्यक्ष पूरी टीम के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में वोट प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। बूथ विस्तार योजना में सभी जनप्रतिनिधि पार्टी पदाधिकारी संगठन की संरचना मे शामिल होकर संगठन ऐप पर अपने कार्यस्थल से जानकारी को ऑपरेट करेंगे। लोकसभा विस्तारक श्रवण पटेल ने कहा कि शक्तिवंदन अभियान लाभार्थियों से संपर्क व संवाद निरंतर प्रवास के दौरान करने से बूथ में जीत निश्चित होगी। लोकसभा संयोजक प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि बूथ स्तर पर डिजिटल रूप से हम अपडेट हैं लेकिन चुनाव की दृष्टि से फिजिकली रहने की आवश्यकता है। जिले की तीनों विधानसभा में भाजपा की जीत सुनिश्चित है इसके लिए संगठन के द्वारा दिये कार्यक्रमों को जमींनी स्तर पर उतारने का कार्य करने में सभी की भूमिका प्रभावी होना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, पंडित सिंह धुर्वे, रामप्यारे कुलस्ते, रतन ठाकुर, रोचीराम गुरवानी, नीरज मरकाम, भगवती श्रीधर सहित मण्डल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

राजपूत क्षत्रिय समाज के युवाओं ने की महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थापित करने की मांग

सिवनी यशोः- राजपूत क्षत्रिय समाज के युवाओं ने शहर में राजपूत क्षत्रिय समाजकी शान एवं देश का शौर्य महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराए जाने कीमांग की है। इस संबंध में राजपूत क्षत्रिय समाज के युवाओं ने कले टर,सीएमओ नगरपालिका, सिवनी विधायक दिनेश रायमुनमुन सहित भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे को ज्ञापन सौपकर जल्द ही शहर के किसी भी स्थान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराये जाने की मांग की है। वही राजपूत क्षत्रिय समाज के युवाओ को विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित कराने हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।इस दौरान कुलदीप ठाकुर,जयराज ठाकुर,शुभम राजपूत,दीपक ठाकुर,रीतेश ठाकुर सहित संजय सोनी उत्तर भाजपा नगर अध्यक्ष की उपस्थिति रही।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बौंझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297